Seat No. : 42

MP-107

March-2019

B.Ed., Sem.-IV

B-102 : Hindi
(New)

Time : 2:30 Hours] [Max. Marks : 70

1. (अ) निम्नलिखित प्रश्नसमूह में से किसी एक का उत्तर लिखिए। 14

(1) अभ्यासक्रम का अर्थ बताकर अभ्यासक्रम का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(2) पाठ्यपुस्तक एवं अभ्यासक्रम का अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

(1) राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित अभ्यासक्रम की चर्चा कीजिए।

(2) कक्षा–9 के हिन्दी पाठ्यपुस्तक के आंतरिक गुणों की संक्षिप्त में समीक्षा कीजिए।

(ब) निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर लिखिए : 4

(1) अभ्यासक्रम की कोई एक परिभाषा दीजिए।

(2) अभ्यासक्रम की कोई दो प्रणालियों के नाम दीजिए।

(3) आदर्श अभ्यासक्रम के कोई दो लक्षण बताइए।

(4) कक्षा–10 के पाठ्यपुस्तक की कोई दो विशेषता बताइए।

(5) पाठ्यपुस्तक के बाहरी रूप में किन बातों का समावेश होता है ?

(6) पाठ्यपुस्तक में "योग्यता विस्तार" से किसको निर्देशन मिलता है ?

2. (अ) निम्नलिखित प्रश्नसमूह में से किसी एक का उत्तर लिखिए। 14

(1) हिन्दी भाषा का विभिन्न विषयों के साथ अनुबंध (सहसंबंध) बताइए।

(2) हिन्दी भाषा शिक्षक की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

(1) हिन्दी भाषा विकास हेतु हिन्दी शिक्षक की नैतिक जिम्मेदारियाँ कौन सी हैं ?

(2) दृश्य–श्रव्य उपकरणों के प्रकार बताकर हिन्दी भाषा शिक्षा में दृश्य–श्रव्य उपकरणों का महत्त्व बताइए।

(ब) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखिए : 3

(1) हिन्दी भाषा कक्ष सजाने के लिए आप क्या करेंगे ?

(2) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?

(3) शब्दकोष का महत्त्व बताइए।

(4) भाषा प्रयोगशाला के दो उपयोग लिखिए।

(5) अनुबंध (सहसंबंध) का अर्थ बताइए।

geniusguruji.in

3. (अ) निम्नलिखित प्रश्नसमूह में से किसी एक का उत्तर लिखिए । 14

(1) समूह चर्चा पद्धति की विशेषताएँ एवं मर्यादा लिखिए ।

(2) आगमन पद्धति का अर्थ देकर आगमन – पद्धति के गुण और दोष लिखिए ।

अथवा

(1) मौखिक अभिव्यक्ति का महत्त्व बताकर उच्चारण दोष दूर करने के उपाय बताइए ।

(2) नाट्यीकरण का हिन्दी शिक्षण में महत्त्व बताते हुए नाट्यीकरण में कौन सी सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

(ब) निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर लिखिए : 4

(1) वाद–विवाद पद्धति का अर्थ दीजिए ।

(2) वाद–विवाद पद्धति की कोई दो मर्यादा बताइए ।

(3) निगमन पद्धति किसे कहते हैं ?

(4) उच्चारण दोष के कोई दो कारण लिखिए ।

(5) गान पद्धति का महत्त्व बताइए ।

(6) अच्छे उदाहरणों के कोई दो लक्षण बताइए ।

4. (अ) निम्नलिखित प्रश्नसमूह में से किसी एक का उत्तर लिखिए । 14

(1) "एक नई शुरुआत" – कहानी का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए ।

(2) रांगेय राघव का साहित्यिक परिचय दीजिए और "हे जनशक्ति महान" गीत के माध्यम से दिया गया कवि का संदेश स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

(1) राम प्रसाद बिस्मिल की उन्नति में माँ का योगदान बताकर रामप्रसाद बिस्मिल की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(2) "कश्मीर" काव्य के आधार पर कश्मीर के सौंदर्य का वर्णन एवं संस्कृति का परिचय दीजिए ।

(ब) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखिए : 3

(1) 'एक नई शुरुआत' कहानी के दो वैज्ञानिक के नाम दीजिए ।

(2) बिस्मिल की माताजी का सबसे बड़ा आदेश क्या था ?

(3) कवि ने किसे नवयुग का अग्रदूत बताया है ?

(4) कवि ने नावों की नगरी किसे कहा है ?

(5) पर्यायवाची शब्द दीजिए :

जलधि –

आलम –

---

geniusguruji.in